हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025



04 नाराजगी: जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर...



08 खुलेआम हाइवे के किनारे चल रहे आहते उड़ रही ...




**खबर संक्षेप में**



### वंशिता बनीं नगर की पहली महिला सीए

**नलखेड़ा।** व्यवसायी मनोज सेठी की पुत्री वंशिता सेठी ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउंट्स ऑफ इंडिया की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर की पहली महिला सीए बनने का गौरव हासिल किया। वंशिता ने सोमवार को घोषित सीए के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण होकर नगर की पहली महिला सीए बनकर यह सिद्ध कर दिया है कि अब बेटियां भी बेटों से पीछे नहीं हैं। वंशिता की सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिक, शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविदों, परिजनों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### धान पंजीयन अब 6 तक कराएं किसान

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बचे हुए किसानों का पंजीयन अब 6 नवंबर तक हो सकेगा। यह निर्णय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान-हितैषी सोच का परिणाम है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सतना, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, दमोह, सिवनी, मैहर, उमरिया, जबलपुर, सीधी, अलीराजपुर, बैतूल और पन्ना जिलों में अब शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रदेश के कई जिलों से यह सुझाव प्राप्त हुए थे कि तकनीकी कारणों, समयाभाव या मौसम की बाधाओं के चलते कुछ किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं करा पाए हैं। कलेक्टरों द्वारा भेजे गए इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने कृषक पंजीयन की अवधि में विस्तार का निर्णय लिया है ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी खरीदी से वंचित न रह जाए। खाद्य संचालनालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि, प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर खाद्य, सहकारिता, राजस्व एवं कृषि विभाग के नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही बचे हुए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। केन्द्रवार केवल उन शेष कृषकों का ही पंजीयन होगा, जिनके नाम जिला प्रस्ताव में उल्लेखित हैं। किसान पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

युवतियां अच्छे वर की प्राप्ती के लिए नदी में दीपदान कर पूजा-अर्चना भी करेंगी

# त्रिवेणी संगम तट पर तारकेश्वर महादेव मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा पर एक दिवसीय मेला लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







ग्राम ताखला में त्रिवेणी संगम तट पर स्थित क्षेत्र का प्रसिद्ध तारकेश्वर महादेव मंदिर श्रृद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन इस स्थल पर एक दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन भी किया जाता है। यह क्षेत्र कभी ग्वालियर रियासत का हिस्सा था। मंदिर निर्माण के संबंध में मान्यता है की ग्वालियर राजघराने के श्रीमंत जीवाजीराव के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया था। नलखेड़ा तहसील के ग्राम ताखला में लखुंदर, कालीसिंध तथा भाटन नदी का त्रिवेणी संगम होने से इस स्थान का विशेष महत्व माना जाता है।

5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा होने से इस स्थल पर मेले का आयोजन होगा। इसके लिए नलखेड़ा नगर के साथ ही समीप के ग्राम मोडी, माना, पायली, सुसनेर, जीरापुर आदि स्थानों के व्यापारी अपनी-अपनी दुकाने लेकर पहुंचते हैं। जहां पर आने वाले श्रद्धालु भक्तों के साथ क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न सामानों की खरीदी की जाएगी। वहीं त्रिवेणी संगम पर स्नान कर तारकेश्वर महादेव मंदिर तथा वहीं पर स्थित देवनारायण मंदिर पर दर्शन कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

श्रावण मास में इस त्रिवेणी संगम पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इस प्राकृतिक स्थल की आकर्षक छटा पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करने के साथ यहां आने वाले लोगों का मनमोह लेती है। त्रिवेणी संगम पर आकर मिलने वाली लखुंदर, कालीसिंध और भाटन तीनों नदियों के जल का दृश्य वर्षा काल के समय देखते ही बनता है। बारिश के दौरान पहाड़ी से कल-कल बहता झरना भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचता है। इसी संगम के समीप कालीसिंध नदी के तट पर पूर्व दिशा में तारकेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर का शिवलिंग स्वंभु होकर बड़े आकार का है जो की उज्जैन के महाकाल मंदिर के समकक्ष बताया जाता है। शिवलिंग के चारो ओर पीतल के कवच की जलाधारी लगी हुई है। ताखला में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है। इस दिन मेले में आने वाली युवतियां अच्छे वर की प्राप्ती के लिए नदी में दीप दान कर कालीसिंध नदी की पूजा-अर्चना भी करती हैं।

### शिलालेख पर उल्लेख है जानकारी

इस प्राकृतिक स्थल की जानकारी समीप ही गढ़े हुए एक प्राचीन शिलालेख पर उल्लेखित है। जिसके अनुसार औकाफ डिपार्टमेंट ग्वालियर श्रीमंत सरकार जीवाजीराव शिंदे अलीजाबहादुर के हुकुम से कालीसिंध नदी, लखुंदर नदी और भाटन नदी के संगम व दूसरे पवित्र स्थानों पर नदी किनारे 300 गज तक हर तरह के शिकार करने की मनाही है। जो इस हुकुम को उसे ताजीराव ग्वालियर की दफा 263 के तहत सजा दी जाएगी। इस जानकारी के आधार पर इस स्थान को ग्वालियर रियासत के समय निर्मित होना बताया गया है।

### तारकेश्वर महादेव मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर होता है आयोजन

तारकेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन किया भी जाता है। इस दिन भक्त यहां पर पंडित ताराचंद शास्त्री का गुरु पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस दिन यहां पर भंडारे का कार्यक्रम भी होता है जिसमें ग्राम सहित नलखेड़ा एवं आसपास के भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में भंडारे का लाभ लिया जाता है।

---

करीब 759.5 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज से रोजाना पांच हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं

# पांच साल में ही जर्जर हुआ 14 करोड़ का ओवरब्रिज! झांकते सरिए और गड्ढे बने हादसों का खतरा

यह ओवरब्रिज महज़ डेढ़ साल में तैयार होना था, लेकिन इसे बनने में पूरे छह साल लग गए। निर्माण की शुरुआत में ही देरी और बाद में गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कभी विकास का प्रतीक समझा जाने वाला मंडी रेलवे ओवरब्रिज आज हादसों का गढ़ बन गया है। करीब 14 करोड़ की लागत से बना यह पुल महज़ पाँच साल में ही जर्जर हो चुका है। पुल की सतह पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनसे लोहे के सरिए तक बाहर झाँकने लगे हैं। भारी वाहनों के गुजरते ही ब्रिज की हालत और भी दयनीय हो जाती है। आवागमन के दौरान वाहन चालक जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं।

### छह साल में बना, पाँच साल में टूटा

यह ओवरब्रिज महज़ डेढ़ साल में तैयार होना था, लेकिन इसे बनने में पूरे छह साल लग गए। निर्माण की शुरुआत में ही देरी और बाद में गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। आखिरकार 2020 में कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इसका उद्घाटन किया। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों बाद ब्रिज की सतह से सीमेंट और गिट्टी निकलनी शुरू हो गई। बार-बार मरम्मत के बावजूद हालात जस के तस रहे।

### दिनभर दौड़ते हैं पाँच हजार वाहन

करीब 759.5 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज से रोजाना पाँच हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। इतने भारी दबाव के बीच सड़क की मजबूती और गुणवत्ता की परीक्षा तो थी ही, लेकिन जिस तरह पुल में गड्ढे बढ़ते गए, वह लापरवाही की पोल खोलते हैं। रात के समय जब रोशनी कम होती है, तब इन गड्ढों की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं।

**निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री और कमजोर सीमेंट का उपयोग किया गया था।

यही वजह है कि पाँच साल में पुल की यह हालत हो गई है। गड्ढों से झांकते सरिए बताते हैं कि निर्माण के दौरान मानकों का पालन नहीं हुआ। कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की गई, मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है 14 करोड़ उड़ गए, पर पुल नहीं संभला... अब तो जान पर बन आई है।

### दोपहिया चालकों की बढ़ी मुसीबत

ब्रिज का सर्पिल आकार और जगह-जगह बने गड्ढे दोपहिया चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। तेज रफ्तार में ब्रेक लगाने पर वाहन फिसल जाते हैं, जिससे चोटिल होने के मामले बढ़ रहे हैं। कई जगहों पर गिट्टी और सरिए उभर आए हैं, जो किसी भी वक्त बड़ा हादसा करा सकते हैं। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन सिर्फ उद्घाटन और दावे करने तक सीमित है, लेकिन रखरखाव की सुध नहीं ली जाती।



### जिम्मेदारों से जवाबदेही की मांग

अब जब ब्रिज पूरी तरह से टूटने की कगार पर है, तो लोगों में गुस्सा साफ झलकता है। मंडी और श्यामपुर क्षेत्र के निवासी कहते हैं कि अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह ओवरब्रिज सौ से अधिक गाँवों को जोड़ता है, लेकिन प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है। जनता अब खुलकर सवाल पूछ रही है कि क्या पाँच साल भी किसी 14 करोड़ के निर्माण की उम्र होती है? सीहोर के लोगों की एक ही गुहार है।


---

### कोलार डेम फुल, किसानों को सिंचाई के लिए मिलेंगे 3 पानी

**सीहोर।** अच्छी बारिश से कोलार डेम पूरी तरह भर गया है। डेम में अब 265 एमसीएम पानी उपयोग योग्य है। विभाग ने किसानों को पलेवा के साथ सिंचाई के लिए तीन पानी देने की बात कही है। नहरों में पानी कब छोड़ा जाएगा, इसका फैसला 3 नवंबर को जिला स्तर की बैठक में कलेक्टर करेंगे। माना जा रहा है कि नहरों में पानी 15 नवंबर से छोड़ा जा सकता है। कोलार डेम के एसडीओ विजय भार्गव ने बताया कि डेम की कुल क्षमता 270 एमसीएम है।

शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा व पूजन का कार्यक्रम भी होगा

## गुरु भगवंतो का चातुर्मास परिवर्तन कार्यक्रम होगा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय श्वे.जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्न निधि श्रीजी, पुण्य निधि श्रीजी आदि ठाणा - 5 का चातुर्मास परिवर्तन का कार्यक्रम 5 नवंबर को संपन्न होगा।

कार्तिक पूर्णिमा पर प्रतिवर्षानुसार समाज में पूजन व शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा भाग लिया जाएगा। स्थानीय जैन आराधना भवन में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 का चातुर्मास पूर्ण होने पर 5 नवंबर को प्रातः 6.30 बजे जैन आराधना भवन से गाजे - बाजे के साथ समाजजनों द्वारा जुलूस के रूप में साध्वी मंडल को चातुर्मास परिवर्तन हेतु लाभार्थी परिवार रमेशचंद अटलकुमार सकलेचा के निवास पाड़िया कॉलोनी पर ले जाया जाएगा। जहां पर प्रातः 7.30 से 8.30 बजे कार्तिक पूर्णिमा पर समाज में प्रतिवर्षानुसार होने वाली श्री शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा साध्वी मंडल द्वारा करवाई जाएगी। तत्पश्चात सकलेचा परिवार की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम रखा गया है। पूर्णिमा पर्व पर दोपहर 1:30 बजे से पूर्णिमा पूजन का कार्यक्रम सागर विद्या निकेतन तहसील रोड पर स्थित सागर विद्या निकेतन में होगा। पूजन के लाभार्थी सागरमल राजेशकुमार, यशकुमार,क्रियांश तिलगोता परिवार रहेगा। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी।

नौ दिवसीय आयोजन के तहत समाजजनों ने किए हजारों की संख्या में इकतीसा पाठ

# दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ कार्यक्रम का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में ज्ञान पंचमी से जैन आराधना भवन पर दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का नौ दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ किया था। जिसका समापन सोमवार को दादा गुरुदेव पूजन तथा अभिषेक के साथ हुआ। रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में नलखेड़ा में ज्ञान पंचमी के से नौ दिन तक प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से 9 बजे तक उपाश्रय जी में दादा गुरुदेव का इकतीसा पाठ का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। जिसमें प्रतिदिन 3 लक्की ड्रा भी लाभार्थी परिवारों की ओर से निकाले जा रहे थे।




**नमिऊण अनुष्ठान कार्यक्रम आज**

पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतिम दिवस मंगलवार को उपाश्रयजी में नमिऊण अनुष्ठान का कार्यक्रम लाभार्थी राजेंद्र कुमार रविकुमार,ध वीत सकलेचा परिवार की ओर से होगा।




रविवार रात्रि को दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ व लक्की ड्रा के लाभार्थी राजेशकुमार सागरमल तिलगोता परिवार रहा। इक्कीसा के बाद दीपावली पर्व पर जिन बच्चों ने फटाके नही फोड़े उनका लाभार्थी ज्ञानचंद राहुल कुमार फाफरिया परिवार की ओर से बहुमान किया गया। सोमवार को नौ दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन उपाश्रयजी में सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ हुआ। तत्पश्चात दादागुरुदेव प्रतिमा का अभिषेक तथा पूजन का कार्यक्रम हुआ। प्रतिमा के लाभार्थी दिलीपकुमार सिंघवी परिवार भोपाल के साथ समाजजनों द्वारा उल्लास भाव के साथ दादा गुरुदेव का पूजन धूप, दीप, चंदन, पुष्प, अक्षत, नैवेद्य, फल आदि से किया गया। पूजन पश्चात दादा गुरुदेव की आरती की गई। सिंघवी परिवार भोपाल द्वारा 3 लक्की ड्रा के साथ प्रभावना की गई।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**चापडा।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चापड़ा में दीपावली मिलन समारोह एवं शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शिक्षक संघ के संभागीय मंत्री राकेश यादव, जिला प्रभारी अभिजीत सिंह बैंस सहित सभी ब्लॉक के प्रभारी योगेश तिवारी,रवींद्र तंवर, गजानंद यादव, जितेंद्र नागवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे यादव एवं बैंस द्वारा विस्तृत चर्चा की गई एवं सभी उपस्थिति शिक्षकों का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश में सभी जिलों में एक साथ संघ की बैठक का आयोजन किया जा रहा है जो कि एक इतिहास बनने जा रहा हैं। संघ के नेतृत्व में कर्मचारी कल्याण कोष योजना चलाई जा रही है जिससे शिक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता मिलेगी। यदि कोई शिक्षक अचानक दिवंगत हो जाए तब सभी शिक्षकों द्वारा सहयोग राशि दिवंगत शिक्षक के नॉमिनी के अकाउंट में सीधे डाली जाएंगी। सहयोग राशि 2.5 लाख रु.तक होगी। संभागीय मंत्री राकेश ने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक पंजीयन करवाने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर कैलाश चंद्र मालवीय को जिला महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया एवं ब्लॉक मंत्री का दायित्व संतराम बाकलीवाल को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बागली ब्लॉक के ब्लॉक प्रभारी योगेश तिवारी द्वारा किया गया। आभार बहादुर सिंह भदौरिया माना।

### डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की

# नाराजगी: जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी

**शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर बीपीएम सहित अन्य कर्मचारियों को दिए कारण बताओ नोटिस। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लगातार ज्यादा शिकायतें लम्बित होने पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की लम्बित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा जिला पंचायत देवास के सभागार में की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर.पी. परमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर, समस्त विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड विस्तार प्रशिक्षक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकास खंड कम्युनिटी मोबिलाइजर, सेक्टर सुपरवाइजर, एलएचवी, एएनएम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सहित संबंधित उपस्थित थे।

डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने 50 दिवस से अधिक समय के लम्बित सभी प्रकरणों जानकारी ली और सम्बंधित ब्लॉक के बीएमओ, बीपीएम द्वारा क्या कार्यवाही की गई, इसकी विस्तृत समीक्षा कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों द्वारा बार-बार प्रकरणों की अनदेखी की जा रही है, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करना होगा।

शर्मा ने समीक्षा के दौरान प्रकरणों के निराकरण और समयबद्ध कार्यवाही नहीं करने पर विकासखंड बरोठा की एएनएम विजय रोजस्कर, विकासखण्ड बागली के बीपीएम रतनसिंह जामले, एएनएम प्रिया मरमट, एएनएम रमा बघेल, एएनएम रेखा मालवी, डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक पाटीदार, विकासखंड सोनकच्छ बीपीएम दीपक चौहान, एएनएम सुनीता वर्मा, सीएचओ सोनाली पाटीदार, एएनएम गंगा भावसार, एएनएम मनीषा कुकड़ेश्वर, एएनएम संगीता कुशवाहा, डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक गायकवाड, विकासखंड कन्नौद के प्रदीप पवार बीपीएम, एएनएम अलका रंगारे, एएनएम बबीता काकोडिया, डाटा एंट्री ऑपरेटर बलराम बेनीवाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों में बीएमओ द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जन स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के लिए हमें एकजुट होकर संपूर्ण प्रयास करना होंगे।

# चार पंचायत को जोड़ने वाला बड़ी चौराहा सुविधा विहिन

### प्रमुख मार्ग पर सुविधाओं का आभाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित कमलापुर क्षेत्र का प्रमुख बड़ी चौराहा चार ग्राम पंचायतों को जोड़ता है। यह चौराहा कमलापुर, आगुरली पोलाय और करोदिंया ग्राम पंचायतों साझा संगम है। यह चौराहा चारो दिशाओं को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, विद्यार्थी और यात्रियों का आवागमन होता है। यहां आज भी मुलभुत सुविधाओं का अभाव है। इस महत्वपूर्ण चौराहे पर न तो शौचालय और पेयजल है, न ही यात्रियों के लिए बैठने की कोई सुविधा है। यात्रियों को खुले मे शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है। विषेश रुप से महिला यात्रियों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बनी जाती है। इस चौराहे पर कोई सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण उन्हें मजबुरी में खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है जिससे असुविधा के साथ साथ असुरक्षा का भी डर बना रहता है। कई जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र से अपना राजनीतिक भविष्य तय कर चुके है, लेकिन आम जनता आज भी बुनियादी सुविधाओ के आभाव में जुझ रही है। आज तक इस चौराहे के विकास कि दिशा में किसी भी जनप्रतिनिधि ने रुचि नहीं दिखाई है। पंचायत विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थल पर शौचालय निर्माण को लेकर स्वीकृतियां दी गई हैं, लेकिन चारों पंचायत में से किसी ने भी इस और ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार ग्राम पंचायत की निष्क्रियता के कारण आम जनता को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।अभिषेक चौधरी, संतोष वैष्णव ,भंवर सिंह चौहान, शंकर सिंह सिसोदिया, मोनु बैरागी, रवि वैष्णव, दिलीप वर्मा आदि ने बताया कि आज तक किसी भी जिम्मेदार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। यहां पर अव्यवस्था के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जनपद सीईओ राजू मेढा ने कहा कि शौचालय को लेकर संबंधित पंचायत से चर्चा कर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



## संत की प्रेरणा से प्रभावित होकर राधा बाई ने किया अमलतास में देहदान



**देवास।** चिकित्सा शिक्षा और मानवता के क्षेत्र में एक अतुलनीय एवं प्रेरणादायक पहल करते हुए, 77 वर्षीय राधा बाई का देहदान संकल्प 1 नवम्बर 2025 को अमलतास मेडिकल कॉलेज, देवास में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। उनका यह महान योगदान भावी चिकित्सकों के व्यावहारिक अध्ययन के लिए एक अमूल्य शैक्षणिक संसाधन बनेगा। यह पुनीत कार्य संत की प्रेरणा से प्रभावित होकर संपन्न हुआ।परिवार जनों और रिश्तेदारों की उपस्थिति में राधा बाई के स्थान देवी कुलम कालोनी , देवास पर पुलिस विभाग द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई। डॉ. पीठवा ने इस अवसर पर कहाः ϡचिकित्सा शिक्षा के लिए मानव शरीर की संरचना का ज्ञान सर्वोपरि है, और शरीर दान इस क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। यह अमूल्य सहयोग हमारे विद्यार्थियों के व्यावहारिक अध्ययन और चिकित्सा विज्ञान के ज्ञानार्जन को नई दिशा देगा। देहदान अधिकारी गजानंद चौहान ने देहदान की प्रक्रिया की जानकारी दी और इसे संपन्न कराया। अमलतास मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने इस प्रेरक पहल के लिए परिवार जनो का हृदय से आभार व्यक्त किया।एनाटॉमी विभाग के हेड डॉ. करखायले एम. एल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महावीर खंडेलवाल. निर्देशक डॉ. प्रशांत, एवं अमलतास समूह ने भी आभार पाना और कहा कि यह प्रेरणादायि कदम चिकित्सा जगत के लिए वरदान सिद्ध होगा।



# दर्दनाक हादसा: खेत के गड्ढे में डूबी एक वर्षीय मासूम, खेलते-खेलते हादसे का शिकार बनी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




दुर्गापुरा क्षेत्र में एक साल की बच्ची की पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। बच्ची खेत में खेलते समय गड्ढे में गिर गई थी। उसे बरोठा अस्पताल ले जाया गया, जहां से देवास रेफर कर दिया गया।

देवास जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे पटाड़ी के पास दुर्गापुरा क्षेत्र में हुई। कवट्यापानी, तहसील बागली निवासी दिनेश की एक वर्षीय बेटी परी खेत पर खेल रही थी। इसी दौरान वह पानी के गड्ढे में जा गिरी।बच्ची के पिता दिनेश ने पहले उसे आसपास ढूंढा। जब वह नहीं मिली, तो उन्होंने एक डंडे से गड्ढे में देखा, जहां उन्हें बच्ची का हाथ नजर आया। इसके बाद उन्होंने खेत मालिक को सूचना दी और बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। दिनेश पिछले दो महीने से दुर्गापुरा क्षेत्र में हेमंत चावड़ा के खेत पर काम कर रहे थे।

पटाड़ी निवासी हेमंत चावड़ा ने बताया कि उन्हें फोन आने पर वह खेत पर पहुंचे और बच्ची को बरोठा अस्पताल ले गए, जहां से उसे देवास रेफर किया गया। दिनेश के चार बेटियां और एक बेटा है, जिनमें परी सबसे छोटी थी। परी के पिता दिनेश जामले ने बताया कि सुबह परिवार के सदस्य अपने काम में लगे थे और बच्ची की मां रोटी बनाने की तैयारी कर रही थी। कुछ देर बाद जब बच्ची को देखा गया, तो वह पानी के गड्ढे में गिरी हुई थी।

# भाजपा नेता पुरोहित के प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग 59A की बड़ी बाधा दूर हुई, जल्द शुरू होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-नेमावर मार्ग पर लंबे समय से लंबित धनतलाव घाट निर्माण कार्य को लेकर अब उम्मीद की नई किरण जगी है। भाजपा नेता सुनील पुरोहित द्वारा किए गए सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप वन विभाग की अनुमति मिल गई है, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है।विगत दिवस पुरोहित ने खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह से इस मुद्दे पर मुलाकात की थी। बैठक में पुल निर्माण की अड़चनों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसके बाद वन विभाग की स्वीकृति मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।एनएचआई डायरेक्टर मनीष मीना के अनुसार वन विभाग की अनुमति अब प्राप्त हो चुकी है। इस स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति देने की तैयारी शुरू कर दी गई है।भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने बताया कि यदि यह कार्य सिंहस्थ-2028 से पहले पूर्ण हो जाता है, तो पूर्वी क्षेत्र से उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

वर्तमान में घाट सेक्शन में सड़क संकरी और घुमावदार होने के कारण अक्सर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे लोगों को 5 से 6 घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ता है।उन्होंने कहा कि पुल बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि यह मार्ग आर्थिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगा। पुल निर्माण के बाद इंदौर, देवास, नेमावर और हरदा के बीच आवागमन में तेजी आएगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा।

### शहर में निकाला गया संगम बाल पथ संचलन, सैकड़ों स्वयंवेक हुए सम्मिलित

# सयाजी द्वार पर स्थित विवेकानंद स्मारक पर हुआ संगम





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में प्रतिवर्ष निकलने वाला बाल पथ संचलन रविवार को ϡसंगम बाल पथ संचलनϡ के रूप में निकाला गया जिसमें देवास नगर के सैंकड़ों स्वंयसेवक सम्मिलित हुए। संचलन दो विभिन्न स्थानों से प्रारंभ हुए एवं दोनों संचलनों का संगम सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पर हुआ।

एक संचालन उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से प्रारंभ हुआ जिसमें छत्रपति शिवाजी एवं महाराणा प्रताप उपनगर के बाल स्वयंसेवक सम्मलित हुए, यह संचलन इंदिरा गांधी प्रतिमा से होता हुआ सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पहुचा। दूसरा संचलन लाल के राजा प्रांगण से प्रारंभ हुआ जिसमें महाराजा छत्रसाल एवं गुरुगोबिंद सिंह उपनगर के स्वयंसेवक सम्मलित हुए यह संचलन महात्मा गांधी अस्पताल के सामने से कोठारी नर्सिंग होम चौराहा होते सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पहुंचेगा, जहां दोनों संचलनो का संगम हुआ। उत्कृष्ट विद्यालय में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर इन्दरदीप सिंह अरोरा ने की उनके साथ देवास नगर बाल कार्य प्रमुख मोहित चौधरी एवं मुख्य वक्ता मालवा प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख मनीष निम मंचासीन रहे।

निम ने बाल स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाल्यावस्था में ही प्रभु श्री राम ने पृथ्वी को राक्षस मुक्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया था उसी प्रकार एवं तरुण अवस्था पर आकर पृथ्वी निश्चर हीन कर दिया था। ऐसा ही कार्य भगवान कृष्ण ने किया। चंद्रगुप्त मौर्य ने भी भी बाल्यकाल से संगठनात्मक कार्य प्रारंभ कर दिए थे। गुरुगोविंद सिंह ने भी बाल्यकाल में ही गुरु तेगबहादुर हिंदुओ को मुगलों के अत्याचार से मुक्त करवाने का आग्रह किया। गुरुगोविंद सिंह के चारो बच्चे देश के लिए बलिदान कर दिए।

वहीं लाल गेट के राजा प्रांगण में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद प्रद्युम्न सिंह राठौर की उनके साथ देवास नगर सह बाल कार्य प्रमुख ईश्वर एवं मुख्य वक्ता देवास विभाग प्रचारक श्रीराम लोधी मंचासीन रहे। लोधी ने बाल सेवयसेवकों को संबोधित करते हुआ कि कहा कि संघ की शाखा कोई साधारण एकत्रितकरण नहीं है, वह अपने आप में एक व्यक्तित्व विकास का केंद्र है, स्वंयसेवक जब शाखा में आता है तो वह अपने व्यक्तित्व को सुदृढ़ करता है जिससे कि वह समाज जीवन में विभिन्न कार्यों को कुशलता एवं साहस के साथ कर पाता है।

# सेन थॉम एकेडमी के आहिल को राज्य स्तरीय स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड के कक्षा 10 के छात्र आहिल शेख ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 30वीं राज्य स्तरीय स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

आहिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिंक 5000 मीटर पॉइंट रेस (RSFI) में स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) और रिंक एलिमिनेशन ट्रैक रेस (10,000 मीटर) में कांस्य पदक अंडर-18 वर्ग में हासिल किया। यह प्रतियोगिता एमराल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की गई थी जिसमें पूरे राज्य से लगभग 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिससे आहिल की उपलब्धि और भी सराहनीय बन गई। सेन थॉम एकेडमी के प्रबंधन, प्राचार्य और स्टाफ ने आहिल की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### नपा अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आज

**ललितपुर**। नगर पालिका पद परिषद के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में विजय हुई सोनाली जैन अभिलाषा का शपथ ग्रहण समारोह तुवन मंदिर प्रांगण में संपन्न होने जा रहा है अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार जी ने बताया की तुम मन मंदिर प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करेंगे जिसमें सांसद अनुराग शर्मा के अलावा प्रभारी मंत्री दानिश अली सदर विधायक राम रतन कुशवाहा राज्य मंत्री मनोहर लाल पेंट के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीपाल पाल क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू के साथ जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत अतिथित्य में संपन्न होगा। जिसमें नगर के गणमान्य भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के अलावा आम जन को आमंत्रित किया गया।

### पति पर मानसिक रूप से प्रताड़ना देने का आरोप

**ललितपुर**। मंडी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वंशीपुरा में रहने वाली राजकुमारी पत्नी नवनीत रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 1।30 बजे उसका पति उसे गालियां दे रहा था। मना करने पर उसने मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी, जिससे उसका पति अपने नेहरू नगर स्थित दूसरे घर भाग गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति आये दिन उसे अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी, प्लाट खरीदने के लिए रुपयों की मांग करता है और मायके से रुपये न लाने पर जान से मारने की धमकी देता है। यह भी आरोप है कि नवनीत रजक उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आ रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बिना बताए घर से कहीं चली गई नाबालिग

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री बीती 10 अक्टूबर की शाम करीब 7।30 बजे बिना बताये ही घर से कहीं चली गयी है, जो कि अब तक घर वापस नहीं लौटी है। पीड़ित ने बताया कि पुत्री की खोज उसने आस-पड़ौस के अलावा रिश्तेदारी में भी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### उधार सामान देने से मना करने पर महिला से मारपीट

**ललितपुर**। राजकीय महाविद्यालय के पास काशीराम आवास कालोनी में रहने वाली रेखा पत्नी पूरनलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह घर के सामने एक छोटा सा किराने का डिब्बा रखकर अपना व परिवार का भरण-पोषण कर रही है। आरोप है कि पड़ौस में रहने वाले अन्नि व अर्पित पुत्रगण जय बाल्मीकि ने उसकी दुकान से सामान उधार मांगा। उधार सामान न देने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी और कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शिविर के माध्यम से पशुओं का उपचार

**विदिशा**। जिले की सभी शासकीय गौशालाओं के पशुधन का समय-समय पर परीक्षण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान निजी पशुपालकों को भी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इसी कड़ी के तहत पठारी तहसील की ग्राम पंचायत बरखेड़ा की श्री कृष्ण गौशाला, ग्राम पंचायत बरखेड़ा में बांझपन निवारण, एआई (कृत्रिम गर्भाधान) एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशुपालकों ने भाग लिया तथा बड़ी संख्या में पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार किया गया। टीम द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक सलाह दी।

## समाधान दिवस के तृतीय दिवस को फरियादियों की समस्याओं को सुना

# कलेक्टर ने अफसरों को समस्याओं के निस्तारण कराने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नवागत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने समाधान दिवस के तृतीय दिवस को प्रातः से ही अपने कार्यालय में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना, इस दौरान उन्होंने दूर दराज क्षेत्रों से आये किसान, वृद्ध, गरीबों के प्रति अपनी संवेदनाएं दिखाते हुए उन्हे भरोसा दिया कि उनकी समस्या जल्द ही दूर होगी। इसके लिए उन्होंने अधिकतर शिकायतों में सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत वाट्सएप पर भेजकर स्वयं फोन कर निर्देशित किया कि वह शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित निस्तारण कर मुझे अवगत करायें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं जन-समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध समाधान शसन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### जनसुनवाई में ये प्रमुख शिकायतें प्राप्त हुईं

किसान राधेलाल पुत्र रतनलाल अहिरवार निवासी ग्राम रोड़ा थाना कोतवाली ललितपुर ने ग्राम रोड़ा की सोसायटी पर विपक्षी जगदीश बाबू पर खाद न देने, कालाबाजारी करने और मारपीट करने सम्बंधी शिकायत की, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए एआर कॉपरेटिव को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार से अजय प्रताप सिंह बुन्देला पुत्र गजेन्द्र सिंह बुन्देला निवासी ग्राम आलापुर ने फसल बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा प्रीमियम की राशि काटने के बाद भी पॉलिसी नम्बर न दिये जाने की शिकायत की, जिस पर उप निदेशक कृषि को कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये गए।ग्राम नाराहट निवासी शिकायतकर्ता ने उसकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण कराने की शिकायत की है, जिसके सम्बंध में एसओसी व एसओ नाराहट को संयुक्त टीम के साथ परीक्षण कराकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। उक्त के अतिरिक्त बुन्देखण्ड विकास सेना द्वारा बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के सम्बंध में ज्ञापन दिया गया, जिसको जिलाधिकारी ने उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह व जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल उपस्थित रहे।

## पीढ़ित को त्वरित न्याय के लिए महिला जनसुनवाई 6 को




**ललितपुर**। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया कि महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व पीढ़ति को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु अर्चना पटेल सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा 6 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे विकास भवन में महिला जनसुनवाई की जाएगी और इसके उपरान्त द्वितीय सत्र में जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिलाओं के अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे अपने साथ शिकायती प्रार्थना पत्र, मोबाइल नम्बर, आईडी प्रूव आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्यक लायें।

## बुजुर्ग महिला की एसपी ने सुनी समस्या, निस्तारण के लिए दिए निर्देश



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो।मुश्ताक ने पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी।
जनसुनवाई के दौरान एक 75 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस में आयीं। उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना। उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक जमीन सम्बन्धी शिकायत थी, जिसको लेकर वह शिकायत करने आयी थीं। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक को हृदय से दुआएं दी।

## अमृता मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज में

# विद्यार्थियों ने पाठशाला में बच्चों को भविष्य हेतु मोटिवेट किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अमृता हॉस्पिटल के प्रांगण में विगत 4 से अधिक वर्षों से चलने वाली अमृता पाठशाला में लिटरेरी क्लब ऑफ़ अमृता के ऊर्जावान विद्यार्थियों ने रविवार 2 नवम्बर को पाठशाला में आकर बच्चों को सुखद भविष्य हेतु मोटिवेट किया। उन्हें अच्छी तरह हाथ धोना, पैरों को साफ कारना, साफ कपडे पहिनना व शुद्ध भोजन का महत्त्व बताया। फिनाइल डालकर पौछा लगाना बताया। सभी बच्चों को सुन्दर जारकिन दीं ताकि सर्दी में उन्हें परेशानी न हो।

### खाने को स्वादिष्ट कचोरी व टॉफी दी

उनकी कक्षा को और आनंद दायी बनाने के लिए मोटे कम्बल व चादरें उन्हें बैठने को दीं। भविष्य में वे क्या बनना चाहते हैं, जानकर भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया। बच्चों को उत्साह वर्धन हेतु मनोरंजक खेल खिलाये। बच्चों ने बढ़े उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। आज ही प्रिय विनायक राठौर का जन्मदिन पाठशाला में मनाया गया। बच्चों को मीठी खीर खिलायी गयी। आज लिटरेसी क्लब ऑफ़ अमृता के सदस्यों में भावी डॉक्टर, इंजिनियर, नर्सिंग सदस्यों में कुमारी मनु श्री, प्रणय कुमार, हर्ष वर्धन, अनंत कृष्णन, देविका, दीप्ति शाह, मीनाक्षी, नितिशा आदि रहे। अमृता पाठशाला की प्रध्यापिका श्रीमती पूनम रानी ने सभी का स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि अमृता हॉस्पिटल के प्रांगण में विगत 4 से अधिक वर्षों से काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों को यहाँ मुफ्त शिक्षा, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा व संस्कार प्रदान किये जा रहे हैं। अम्मा की असीम अनुकम्पा व स्वामी निजामृता नंद पुरी , सत्यानंद मिश्रा ईडी प्रोजेक्ट, कर्नल गोपाल कृष्णन सुरक्षा निदेशक आदि के मार्गदर्शन में यह पाठशाला सुचारु रूप से कार्यरत है।

### नामदेव महाराज की जयंती पर शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

विदिशा। माधवगंज चौराह से संत नामदेव महाराज की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, महिला मंडल और युवा वर्ग शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बंटी नगर स्थित नामदेव धर्मशाला पर समाप्त हुई। रथ पर सजी संत नामदेव महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं और महिलाओं के पारंपरिक नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## दूध डेयरी के पास टैक्सी का इंतजार कर रहे थे

# पिकअप की टक्कर से पुत्र व सास हुई थी घायल न्यायालय के आदेश पर किया मुकद्दमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कड़ेसराकलां निवासी वीरवती पत्नी स्व सुनील कुमार ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। न्यायालय को वीरवती ने बताया कि 8 नवम्बर 2024 को उसका पुत्र अंकित व सास शान्ति तालबेहट के बाजार सामान लेने जा रहे थे।

सुबह करीब 9 बजे कड़ेसरा कलां स्थित दूध डेयरी के पास टैक्सी का इंतजार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रही पिकअप सं। यू।पी।94 ए।टी। 0130 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुये उसके पुत्र अंकित व सास शांति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों दूर जा गिरे और घायल हो गये। ग्रामीणों ने उसे घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची, जहां दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां अंकित के पैर का ऑपरेशन हुआ। मामले की शिकायत उसने थाना तालबेहट व पुलिस अधीक्षक से की, लेकिन कार्यवाही न होने पर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली तालबेहट पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत जोतने को लेकर भाइयों में मारपीट

*ललितपुर। ग्राम तेरई फाटक निवासी सुरेश कुशवाहा पुत्र ललन्जू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को अपराह्न करीब 12 बजे वह घर के दरबाजे पर खड़ा था। तभी खेत जोतने के विवाद को लेकर उसका भाई नन्दू कुशवाहा, भाभी राजकुमारी एकराय होकर आये और उसे व उसकी पत्नी रामवती कुशवाहा के साथ लाठी-डण्डा व लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। आरोप है कि थाने में शिकायत करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

# मऊठाना मोहल्ला में दो पक्षों के बीच विवाद में चले पत्थर, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

## गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करने को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सदर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला मऊठाना निवासी मुन्नी पत्नी संजू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को अपराह्न करीब साढ़े बारह बजे वह अपने घर पर थी, तभी मोहल्ले के धीरज पुत्र ओमी, संगीता पत्नी धीरज, गनेश व रामवती एकराय होकर आये और गालियां देते हुये अभद्र व्यवहार करने लगे।

आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों, पत्थर व खण्डा से मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गयी और शरीर में अंधरूनी चोटें भी आयीं हैं। शोरगुल सुनकर बचाने आये उसके पति संजू, पुत्री सलौनी, राधिका व निकुन्ज के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका मंगलसूत्र भी गिर गया, जो कि नहीं मिला। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से धीरज पुत्र ओमप्रकाश कुशवाहा ने भी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि संजू कुशवाहा पुत्र लल्लू व उसके परिवार ने कचरा डालने के विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट करते हुये ईंट सिर में दे मारी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक के पहिया में लाठी फंसाकर घायल करने का आरोप

ललितपुर। मड़ावरा के ग्राम हंसरी निवासी सिसपाल पुत्र करन सिंह ठाकुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि वह अपना खेत बोने के लिए गया हुआ था, जहां पर ट्रैक्टर खराब होने के कारण वह पाना लेने के दुकान आया हुआ था, जहां राजकुमार पुत्र हम्मीर सिंह ठाकुर ने उसकी मोटर साइकिल में लाठी फंसा दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। आरोप है कि उलाहना देने पर राजकुमार ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राजकुमार के एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नेमा समाज ने 56 भोग लगाए समाज रत्न पुरस्कार की शुरुआत



**विदिशा**। नेमा समाज ने रविवार को बांसकुली स्थित धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। यह आयोजन पिछले 10 वर्षों से निरंतर हो रहा है, जिसमें इस वर्ष भी समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धर्मशाला परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में 56 भोग की महाप्रसादी अर्पित की गई। इस अवसर पर समाज की वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया गया। समाज ने इस वर्ष से 'समाज रत्न पुरस्कार' की नई पहल शुरू की है, जिसके तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा। इस निर्णय का उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक और जनपद अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाजजन, नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड विकास सेना ने अलग राज्य की मांग का प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# भाषा के आधार पर ही बुंदेलखंड प्रांत मंजूरः कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना ने बुंदेलखंड अलग राज्य की मांग को लेकर एक ज्ञापन बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से संबोधित नवागत जिलाधिकारी महोदय को सौंपा।

बु। वि। सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि महाराजा छत्रसाल का राज्य जहाँ जहां तक फैला था वहीं असली बुन्देलखण्ड है। उन्होंने कहा कि राज्य पुनर्गठन आयोग का मूल मानक है कि राज्यों का बंटबारा स्थानीय बोलियों के आधार पर किया जाना चाहिए। अतः बुन्देलखण्ड से अलहदा कोई दूसरा क्षेत्र जोड़ा जाता है तो यह बुन्देलखण्डवासियों के साथ घोर नाइंसाफी होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि बुन्देलखण्ड के महत्व को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू ने विन्ध्य प्रदेश बनाया था अतः तभी से इसके विस्तार की चर्चा होती चली आ रही है। अब और इन्तजार किसी भी तरह से तार्किक नहीं है क्योंकि देश की ठसाठस आबादी के दो पाटों के बीच में खाता-पीता वर्ग तो अपना काम जैसे-तैसे चला लेता है किन्तु कोटि कोटि किसान और मजदूर तथा अन्य असंगठित कामगार भगवान भरोसे चल रहे हैं। अतः विकास की दौड़ में हांफता हुआ बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के ऑक्सीजन सपोर्ट की अबिलम्ब दरकार की आस लगाये हुए है।



### वर्षों से उपेक्षित भौतिक सुख सुविधाओं से वंचित है

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि हमारा बुन्देलखण्ड का उ। प्र। और म। प्र। का क्षेत्र वर्षों से उपेक्षित भौतिक सुख सुविधाओं से वंचित है। यह क्षेत्र कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि, सामंतशाही, बेरोजगारी, भुखमरी, उद्योग शून्यता का दंश वर्षों से झेल रहा है। केन्द्र सरकार विजन 2047 के समृद्धशाली भारत का लक्ष्य लेकर चल रही है परन्तु बिना पृथक बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के यह संभव नहीं है। ज्ञापन पर बु। वि। सेना के वरिष्ठ सदस्य महेन्द्र अग्निहोत्री , सुदेश नायक , राजकुमार कुशवाहा , अमरसिंह बुन्देला ,विनोद साहू , पवन शर्मा, पुष्पेन्द्र राजा, प्रदीप साहू, पुष्पेन्द्र शर्मा, विक्की, कैलाश पटेल, टिंकू सोनी , लालचंद रजक, गफूर खां, परमानंद विश्वकर्मा, खुशाल बरार , प्रदीप पंडित, मिलन, आदि हस्ताक्षर हैं।

## लटेरी परिक्षेत्र में अवैध फसलों पर चला बुलडोजर, विभाग ने गड्ढे करके बबूल के बीज बो दिए

# वन विभाग ने 25 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वन विभाग की सक्रियता से लटेरी वन परिक्षेत्र की करीब 25 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के निर्देश पर की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी लटेरी दक्षिण विवेक चौधरी के नेतृत्व में बीट मुंडेला के कक्ष क्रमांक पी–383 में 12 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अवैध रूप से बोई गई फसलों को तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से नष्ट किया गया। इसके बाद भूमि पर कंटूर बनाकर बबूल के बीज बोए गए और सीमा पर पशु अवरोधक खंती तैयार की गई, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। गौरतलब है कि इन अतिक्रमणकारियों ने 18 मार्च 2024 को वन अमले से विवाद किया था, जिसके संबंध में थाना लटेरी में प्राथमिकी दर्ज है। इस कार्रवाई में एसडीओ (वन) हिमांशु त्यागी, एसडीओपी लटेरी, थाना प्रभारी लटेरी, तहसीलदार लटेरी सहित पुलिस बल और राजस्व अमला मौजूद रहा। वनमंडलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जा या खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन विभाग द्वारा ऐसे अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।



विदिशा। वन विभाग ने भारी संख्या में बल की मौजूदगी में जेसीबी से कराए गड्ढे।

## बीएलओ को दे रहे एसआईआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए जिले के सभी बीएलओ को अनुविभाग स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध, स्वच्छ और पारदर्शी बनाना है। इस विशेष अभियान के तहत मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थायी रूप से निवास बदलने वालों के नाम व फर्जी पंजीकरण निरस्त करना प्रमुख उद्देश्य हैं। पंजीकरण प्रक्रिया के लिए प्रत्येक मतदाता को अपना फॉर्म भरने से पहले दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तैयार रखना आवश्यक है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसे निर्धारित समयसीमा में आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। निर्वाचन आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है।

### पचोर के बिलापुरा, सारंगपुर बायपास व ढिगलपुर की दुकानों पर खुलेआम चल रहे अहाते

# खुलेआम हाइवे के किनारे चल रहे आहते उड़ रही आबकारी नियमों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में पचोर व सारंगपुर में शराब दुकानों के साथ चल रहे अवैध अहातों का कारोबार प्रशासन और आबकारी विभाग की आंखों के सामने चल रहा है। नियमों के मुताबिक शराब की दुकानों के साथ किसी भी प्रकार के पीने बैठने की व्यवस्था (अहाता) पर प्रतिबंध है, लेकिन राजगढ़ जिले के कई कस्बों और गांवों में यह धंधा खुलेआम चल रहा है। कई शराब दुकानों के साथ ऐसे अवैध अहाते संचालित हैं, जहां खुलेआम बैठकर शराब परोसी जा रही है। वहीं इन जगहों पर युवाओं की भीड़ लगने से असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

पचोर व सारंगपुर के स्थानीय लोगों का कहना है कि इन अवैध अहातों में रोजाना शराबखोरी का माहौल बना रहता है, जिससे आसपास के परिवार और राहगीर परेशान हैं। कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन आबकारी विभाग और पुलिस की मिलीभगत से कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जाती है। सूत्रों के अनुसार जिले के राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़, कुरावर और जीरापुर क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध अहातों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और आबकारी विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच कर सख्त कदम उठाए जाएं।




### इनका कहना है...

नहीं हमारे यहां कोई अहाते नहीं चल रहे हैं। यदि ऐसा है तो फिर कार्रवाई की जाएगी।

सौरभ कनासे, एसआई आबकारी सारंगपुर

मैं अभी इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता। मैं कहीं पर बैठा हूं।

रितेश कुमार लाल, जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़

### स्थानीय नागरिकों का कहना है






शराब की दुकान तो चलती है, लेकिन उसके साथ बने अहातों में बैठकर लोग देर रात तक शराब पीते हैं। इससे महिलाओं और बच्चों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। सवाल यह उठता है कि जब नियम साफ तौर पर अहातों पर रोक लगाते हैं, तो आखिर ये अवैध बार कैसे चल रहे हैं? क्या आबकारी विभाग को इसकी भनक नहीं या फिर सब कुछ जानते हुए भी अनदेखा किया जा रहा है? नेशनल हाइवे से किसी शराब दुकान की दूरी को लेकर मापदंड है परंतु इसके बाद भी दुकाने एनएच से लगी हुई दिखाई दे रही है हालांकि ग्राम पंचायत का आधार बनाकर आबकारी अपने आप को बचा सकता है परंतु एनएच से दूरी पर तो ठेकेदार को आबकारी की छूट स्पष्ट दिखाई देती है।

#### बिलापुरा, सारंगपुर बायपास व ढिंगलपुर में हाइवे पर अहाते

पचोर के बिलापुरा में स्थित शराब दुकान हो या फिर सारंगपुर के वायपास पर स्थित शराब की दुकान या फिर ढिंगलपुर गांव की शराब दुकान सभी दुकानों में खुले आम आहते चलाए जा रहे है परंतु आबकारी अधिकारी सारंगपुर के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कैसे आबकारी नियमों की धज्जियां उड़ाकर अधिकारी ठेकेदार को मनमानी करने दे रहा है। इसमें ठेकेदार और आबकारी अधिकारी सारंगपुर की सांठगांठ भी हो तो बडी बात नहीं होगी। ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई आवश्यक है।

#### नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत का उठा रहे फायदा

शराब ठेकेदार अपनी दुकानों की लोकेशन इस तरह रखते हैं कि वह या तो नगरीय निकाय में आएगी या फिर ग्राम पंचायत में जिसके कारण हाइवे से दूरी के नियम शिथित पड़ जाते हैं और ठेकेदार हाइवे पर अपना कारोबार चलाते दिखाई देते हैं। नगरीय निकाय को भी नीति बदलना चाहिए और शराब ठेकेदारों को शहर की भलाई के चलते रोड से अंदर की और जगह देना चाहिए।

### आरोपियों ने खिलचीपुर क्षेत्र में दिया था घटना को अंजाम

# बिजली के 48 खंबों से एल्यूमीनियम तार चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खिलचीपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग के 48 बिजली पोलों से बड़ी मात्रा में एल्यूमीनियम के तार चोरी होने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस की टीम ने उक्त वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे माल भी बरामद कर लिया है।

खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि पिछले दिनों विद्युत विभाग की तरफ से शिकायत प्राप्त हुई थी कि अज्ञात आरोपियों ने विभाग के स्वामित्व के 48 बिजली पोलों पर लगे एल्यूमीनियम वायर को चोरी कर लिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान विश्वस्त सूत्रों सहित अन्य से मालूम हुआ कि चोरी की इस वारदात को दांगीपुरा थाना, जिला झालावाड़ एवं कालीपीठ के बदमाशों ने अंजाम दिया है।

#### दो सह-आरोपी अभी भी फरार

पुलिस द्वारा सूक्ष्मता से की गई जांच के बाद पांच आरोपियों प्रकाश पिता हरिसिंह तंवर निवासी राकलिया थाना कालीपीठ, मोरसिंह पिता प्रभुलाल, मुकेश उर्फ मोतीलाल तंवर, बनवारी उर्फ बंटी पिता धूलसिंह तंवर, इंदरसिंह पिता धूलीलाल तंवर सर्व निवासी पीथापुरा थाना दांगीपुरा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार करते हुए उनसे एल्युमीनियम वायर जब्त कर लिया गया। मामले में दो राजू पिता मोरसिंह तंवर निवासी पीथापुरा एवं सोहेल कबाड़ी निवासी मनोहर थाना को भी सह-आरोपी बनाया गया है, जिनकी तलाश जारी है।

### मजाक करने पर युवक पर चाकू से हमला, बाल-बाल बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शुक्रवार शाम करीब 5 बजे स्थानीय वार्ड क्रमांक 6 पिंजारा बाखल निवासी युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी रिजवान मसूरी पिता जाकिर मसूरी (18 वर्ष) ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने भाई अरबाज के साथ पुराने बस स्टैंड स्थित अपने रिश्तेदार की दुकान पर गया था। इसी दौरान कमाल बाड़ी के पास उसकी मुलाकात उजेर नामक युवक से हुई। बताया गया है कि मजाक करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि उजेर ने फोन लगाकर अपने साथी मारूफ को बुला लिया। इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज करते हुए रिजवान पर हमला कर दिया। उजेर ने डंडे से उसकी कमर पर वार किया, जबकि मारूफ ने पीछे से उसकी कमर और पीठ पर चाकू से वार किया। हमले में रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल रिजवान ने अपने भाई अरबाज को फोन कर बुलाया, जिसने मौके पर पहुंचकर उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया।उपचार के बाद रिजवान ने अपने पिता और भाई के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर नन्हे कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 16 तलेनी में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने वाला रास्ता इन दिनों बदहाल स्थिति में है। बरसात के बाद से सड़क पर कीचड़ और गंदे पानी के कारण छात्रों को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर दिन सुबह बच्चे हाथों में किताबें और बैग लेकर इस कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। कई बार फिसलने और कपड़े खराब होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। स्थानीय निवासियों और विद्यालय के शिक्षकों ने जिम्मेदारों से इस समस्या के समाधान की मांग कई बार की, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद से सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे दुर्गंध और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है। बच्चों की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत कर सफाई व्यवस्था की जाए,यही क्षेत्रवासियों की मांग है। कुछ लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

#### इनका कहना है...

स्कूल सड़क के समीप नाली के पानी की निकासी की जगह नहीं थी निकासी व्यवस्था करवा रहे हैं।

ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर

### आकर्षक झांकियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकला जुलूस

# चल समारोह निकालकर मनाया संत शिरोमणि नामदेव जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नामदेव क्षत्रिय दर्जी समाज ब्यावरा द्वारा रविवार को संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755 वी जयंती पर आयोजन गायत्री शक्तिपीठ पर किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगर एवं गांवों से समाज बंधुओं का आगमन हुआ। इस दौरान भव्य चल समारोह सुबह 10 बजे जगात चैक से प्रारंभ होकर मेन मार्केट पीपल चैराह, ओल्ड ए.बी. रोड़ होकर गायत्री शक्तिपीठ पहुंचा। नगर में कई स्थानों पर जुलूस का स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। जहां संत नामदेव विठ्ठल भगवान की पूजन कर आरती की गई आरती एवं पूजन की सबसे अधिक बोली मुकेश नामदेव लसूडल्या शाह (राजस्थान) वालों के द्वारा लगाई गई व उनके द्वारा पूजन का कार्य किया गया। समाजजनों ने सेकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल नामदेव, जिला संयोजक राजेन्द्र नामदेव कार्यकारी अध्यक्ष किशोर जानोरिया, रमेश नामदेव कांसोरकला, जीतू नामदेव बीनागंज सहित समाजजन महिलाऐं एवं बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।




# मानस स्कूल के 3 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय क्रिकेट में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

1 से 5 नवंबर शिवपुरी में आयोजित म.प्र. राज्य स्तरीय शालेय नेटबॉल 19 वर्ष बालक-बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 11वी की छात्रा एकता मीना क्रिकेट में ओर शिवम राजपूत 12 वीं, ओर तानिया जाटव 11वी का हैंडबॉल में शिवपुरी में आयोजित 69वी राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट, हैंडबॉल के लिए भोपाल संभाग की टीम मे चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चौहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की

# संघ ने निकाला बालोडी मंडल का पथ संचलन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में समरसता और राष्ट्र उन्नति के संकल्प को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बालोडी मंडल का पथ संचलन रविवार को निकाला गया। जिसमें खंड प्रचारक विश्वासजी ने कहा कि "संघ अपने वैचारिक पाँच संकल्प कृ स्वदेशी, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार कृ को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है।



शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों का निर्माण होता है, जो राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि विजयादशमी से लेकर प्रत्येक नगर, बस्ती और मंडल स्तर तक पथ संचलन आयोजित किया जा रहा है तथा आगे घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिससे समाज में संघ का उद्देश्य और विचार व्यापक रूप से पहुंच सके। संचलन में बिगानोदीपुरा, बलोड़ी, खासपुर और जीवाजीपुरा के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि सिंह सोलंकी ने की। गीत प्रस्तुति अग्रेश चैरसिया, अमृत वचन और उज्ज्वल शर्मा द्वारा दी गई, जबकि परिचय केशव लवंशी ने कराया। संचलन ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर निकला, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवकों के साथ आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख, गतिविधि विभाग, गौ सेवा प्रमुख एवं प्रशिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे।

# प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

**नरसिंहगढ़।** सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर सोमवार प्रातः नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका शुभारंभ सुबह 5 बजे स्थानीय गुरुद्वारे से किया गया, प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारे पहुची। प्रभात फेरी के दौरान सिख संगत ने "वहिगुरु अवल अल्ला नूर उपाया, कुदरत के सब बन्दे" सहित पवित्र गुरबाणी का मधुर कीर्तन किया। शबद-कीर्तन की अनुगूँज से नगर का वातावरण श्रद्धा एवं आस्था से सराबोर हो उठा। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने प्रभात फेरी में शामिल होकर गुरु नानक देव जी के सार्वभौमिक संदेश मानवता, समानता एवं सेवा की भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान ब्यावरा से पधारी संगत ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गुरुद्वारे में समापन अवसर पर 'सर्वत दा भला' की अरदास की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को गुरु का लंगर एवं प्रसादी वितरित की गई। प्रभात फेरी में मंदिर जमात के महंत दीपेंद्र दास, प्रवीण ग्रोवर, बी.के. गुप्ता, प्रणपाल सिंह खींची, सनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# ब्राह्मण समाज ने हर्षोल्लास से मनाया दीपावली मिलन व अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

ब्राह्मण समाज संगठन कालापीपल के तत्वावधान में स्नेह मैरिज गार्डन में दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम एवं लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना व महाआरती से हुई। विप्रजनों ने सामूहिक रूप से भोग अर्पित कर समाज में एकता व श्रद्धा का संदेश दिया।

समाज के अध्यक्ष दिनेश नागर ने इस अवसर पर समाज भवन सप्तऋषि भवन में जारी निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए समाजजनों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सहभागिता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। धार्मिक प्रवचन में पंडित प्रदीप नागर ने कहा कि अन्नकूट महोत्सव प्रकृति के समस्त रसों का संगम है, जो श्रीकृष्ण भक्ति का एक प्रमुख सोपान है। उन्होंने बताया कि पृथ्वीलोक पर श्रीकृष्ण की आराधना को सर्वोच्च माना गया है, और उनके बाल स्वरूप की उपासना को सर्वश्रेष्ठ। द्वारकाधीश की भक्ति से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा अन्नकूट सेवा गोविंद की उपासना का पवित्र माध्यम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिभाषक राजेंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, जेपी शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा, घनश्याम शर्मा, श्रीमती राधा शर्मा, बद्री प्रसाद शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, एवं पंडित नीरज अग्निहोत्री सहित अनेक समाजजनों ने विचार व्यक्त कर समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों के संरक्षण पर बल दिया।





### संयुक्त टीम के पहुंचने से पहले ही नाबालिग को लेकर फरार हुए लड़के पक्ष के लोग

# लाख जागरुकता के बाद भी सामने आने लगे बाल-विवाह के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल-विवाह की रोकथाम के लिए चल रहे प्रयासों के बीच एक गंभीर मामला सामने आया है। यह मामला खिलचीपुर के सोनखेड़ा गांव की एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका से जुड़ा है, जिसकी शादी आगामी 14 नवंबर को कालीपीठ क्षेत्र के आवनपुर गांव में तय की गई थी। जानकारी के अनुसार, यह बालिका पिछले लगभग 4 महीनों से आवनपुर में ही लड़के के घर पर रह रही थी, जबकि विवाह की औपचारिक रस्में आगामी दिनों में संपन्न की जानी थीं। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले विवाद की स्थिति बनी थी, जिसके बाद पंचों ने पंचायत बुलाकर मामला निपटाया।



#### पंचायत के फरमार पर 80 हजार में समझौता

ग्रामीणों के अनुसार विवाद के बाद पंचायत ने यह फरमान जारी किया था कि यदि भविष्य में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ तो जो पक्ष गलती करेगा, उसे 5 लाख रुपये का हर्जाना देना होगा। आरोप है कि उसी दौरान पंचों की उपस्थिति में लड़की के पिता को लगभग 80 हजार रुपये लड़के पक्ष द्वारा दिए गए, जिसके बाद बालिका को उनके घर में ही रख लिया गया। तब से बालिका करीब 4 महीने से वहीं रह रही थी, लेकिन न तो पिता ने इसकी सूचना किसी को दी और न ही लड़के पक्ष ने प्रशासन या पुलिस को अवगत कराया, क्योंकि बालिका नाबालिक थी।

#### बाल विवाह की सूचना पर संयुक्त टीम की तत्परता

14 नवंबर को होने वाले विवाह की सूचना पुलिस सहित महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही रविवार को संयुक्त टीम आवनपुर पहुंची ताकि लड़के पक्ष को समझाइश देकर बाल-विवाह रोका जा सके। लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही लड़की को लड़के पक्ष के परिजन लेकर फरार हो गए। मौके पर जब टीम ने जांच की, तो घर में कोई नहीं मिला। आसपास के लोगों ने पूछताछ में बताया कि टीम के आने की जानकारी मिलते ही परिवार गांव से भाग गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बालिका पिछले 3, 4 महीनों से उसी घर में रह रही थी। संयुक्त टीम के अनुसारयह मामला स्पष्ट रूप से बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का उल्लंघन है एवं बालकों से जुड़ा अपराध है क्योंकि बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम है। साथ ही नाबालिग को किसी भी रूप में विवाह या वैवाहिक सहजीवन में रखना कानूनन अपराध है।

#### दोनों पक्षों की गंभीर लापरवाही

मामले की जांच से यह स्पष्ट होता है कि दोनों ही पक्षों ने गंभीर लापरवाही बरती है। चार महीने तक नाबालिग बालिका को लड़के के घर रहना, प्रशासन को कोई सूचना न देना, और फिर विवाह की तैयारी करना ये सभी कृत्य कानूनी और सामाजिक रूप से गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा पंचायत द्वारा पांच लाख रुपये के हर्जाने का निर्णय लेना भी न्यायिक अधिकार क्षेत्र से बाहर है और कानून के खिलाफ माना जा रहा है।